न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

<u>पीठासीन अधिकारी– विनोद कुमार (आर.ए.एस.)</u>

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
35 / 2020	21.10.2020	30.03.2021

अनवान

1. भैरूसिह पिता नाथु सिह जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
2. विमला पत्नी भैरूसिह जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ

प्रार्थीगण

बनाम

1. रामचन्द्र पिता छोगालाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी सुरपुर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
2. मनोहरसिह पिता मोडदान सिह जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
3. माधुसिह पिता राघुदान जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
4. कल्याणदास पिता गोटुदास जाति वैष्णव आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
5. कैलाशदास पिता गोटुदास जाति वैष्णव आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
6. माधुदास पिता गोटुदास जाति वैष्णव आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
7. हिम्मतसिह पिता सालमदान जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
8. सुमित्रा पत्नी लक्ष्मणसिह जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
9. नाथुसिह पिता रघुनाथदान जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
10. रामरतनसिह पिता अभयसिह जाति चारण आयु वयस्क निवासी उन्दायला तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ
11. बाली पत्नी बालु जाति लोदा आयु वयस्क निवासी मोड़ा का खेडा मगरिया तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ

Signature Not Verified
Digitally signed by Vinod Kumar
Date: 2021.04.16 17:48:03 IST
Reason: SelfAttested

अप्रार्थीगण

उपस्थितिः– अधिवक्ता श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच प्रार्थीगण
एक तरफा अप्रार्थीगण

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

<u>–:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम::–</u>

<u>–:: निर्णय ::–</u>

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर

निवेदन किया कि मौजा उन्दायला पटवार हल्का सुरपुर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 29 में अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 189, 50, 51, 53, 74, 79, 80, 81, कृषि भूमि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण आराजियात जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने के कारण विवाद होता रहता है अतः प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा–चिन्ह स्थापित किया जावें। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। दिनांक 30.03.2021 को अप्रार्थीगण के बाजवूद सूचना के हाजिर नहीं आने से अप्रार्थीगण के विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा किये जाने का आदेश दिया गया। इस पर हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा की गई बहस प्रार्थना पत्र को एक तरफा सुना गया। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली का आद्यौपान्त अवलोकन किया। प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार हो कर इन्हें आराजीयात जैर–बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम मे प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार सह काश्तकार होने से सीमाज्ञान कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार कपासन को सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार कपासन को आदेश दिया जाता है कि मौजा उन्दायला पटवार हल्का सुरपुर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 29 में अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 189, 50, 51, 53, 74, 79, 80, 81, कृषि भूमि की फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में कब्जे में बिना किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किये एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन (पत्थरगढी) किया जावे एवं पर्चा मौका एवं मौका नक्शा 15 दिवस में इस न्यायालय में प्रस्तुत करे। सीमांकन (पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार कपासन को 800/– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करें। तह[illegible] कपासन को तहरीर जारी करे। पत्रावली की निर्णित इन्द्रा[illegible] कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावें। निर्णय आज दिनांक 30.03.[illegible] को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vinod Kumar
Date: 2021.04.16 17:48:03 IST
Reason: SelfAttested

(विनोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
कपासन

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official